


### सांसद ने वृद्धाश्रम में तत्काल ही 3 कूलर भेजते हुए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की

# सांसद बंटी विवेक साहू का जन्मदिन हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,29 अप्रैल. सांसद का जन्मदिन सेवाभावी दिवस के साथ गरीमामयी माहौल में हर्षोउल्लास और धूमधाम से मनाया गया। सांसद के जन्मदिन को लेकर मंगलवार की शाम से ही आयोजन शुरू हो गये थे, जो कि बुधवार की देर रात तक चलते रहे।**

सांसद बंटी विवेक साहू भी अपने जन्मदिन को सेवाभावी दिवस को सर्मपित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सांसद बंटी विवेक साहू ने जन्मदिन की पूर्व संध्या के अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला के द्वारा पातालेश्वर मंदिर के सामने वार्ड नं. 19 और 20 के समस्त भाजपा बूथ प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार की रात 12 बजे भाजपा युवा मोर्चा सहित अन्य पदाधिकारियों और समाजसेवियों के द्वारा परासिया रोड स्थित सांसद बंटी विवेक साहू के निवास स्थान के सामने ढोल नगाडों के साथ केक काटा गया एवं आतिशबाजी की गई।





जन्मदिन के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने जन्मदिन को सेवाभावी कार्यों को सर्मपित करते हुए सुबह प्रियदर्शनी कॉलोनी स्थित वृध्दाश्रम पहुंचकर वृध्दजनों से आर्शीवाद लिया एवं सभी वृध्दजनों को पंगत में बैठाकर खुद अपने हाथों से उन्हें भोजन परोसा।

इस दौरान सभी वृध्दजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू को आर्शीवाद दिया। सांसद बंटी विवेक साहू ने वृद्धाश्रम में तत्काल ही 3 कूलर भेजते हुए अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी दारा जुनेजा ने भी सांसद बंटी विवेक साहू के जन्मदिन के अवसर पर अपनी ओर से वृद्धाश्रम में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की। सांसद बंटी विवेक साहू ने पोआमा स्थित आधार फांउडेशन में पहुंचकर यहां दिव्यांग बच्चों की सेवा करते हुए उनके बीच केक काटा और उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसा। इस दौरान आधार फांउडेशन के सभी पदाधिकारी व स्टॉफ उपस्थित थे।

## सांसद सहित अन्य लोगों ने किया रक्तदान और वितरित हुई दवाई

सांसद बंटी विवेक साहू के जन्मदिन के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया था। जिसमें सबसे पहले सांसद बंटी विवेक साहू ने रक्तदान करते हुए शिविर की शुरूआत की। शिविर के दौरान 109 लोगों ने रक्तदान करते हुए अन्य लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान युवा मोर्चा, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं आरोग्य अस्पताल की टीम ने सहयोग प्रदान किया। होम्योपैथिक वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा आयोजन स्थल सहित पुलिस विभाग, ट्रैफिक पुलिस, सब्जी तथा फलों के व्यापारी, वृद्ध आश्रम, नगर निगम के कर्मचारी तथा बच्चों के आश्रम में लू से बचाव के लिए दवाइयां वितरित किया गया।

## सुबह से देर शाम तक चलता रहा बधाईयों का दौर

सांसद कार्यालय के सामने आयोजित लोगों से भेंट मुलाकात के कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू को शुभकामना देने के लिए भाजपा के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठनों, समाजसेवी संस्थाओं और विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में पहुंचे। आयोजन स्थल पर सुबह से देर शाम तक सांसद बंटी विवेक साहू को जन्मदिन की बधाई देने के लिए लोगों का ताता लगा रहा। यहां सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। सांसद श्री साहू अपने जन्मदिन के अवसर पर आशीर्वाद लेने के लिए पूर्व राज्यपाल अनुसूईया उईके के निवास स्थान भी पहुंचे।

## सांसद ने 50 टेंकर के साथ ही 100 पंखों का वितरण किया

सांसद बंटी विवेक साहू ने जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्यों के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को देखते हुए छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सांसद निधि से स्वीकृत करते हुए 50 टेंकरों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने सभी 50 ग्राम पंचायतों व जनपद से पहुंचे लोगों से व्यक्तिगत मुलाकात करते हुए टेंकरों को रवाना किया। वहीं सांसद कार्यालय के सामने स्थित ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोकसभा क्षेत्र से आई 100 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वंय के व्यय से सौ पंखों का वितरण भी किया। ये वे आंगनवाड़ियां है जहां अभी तक पंखे नहीं थे। इन आंगनवाड़ियों में पंखे लगने के बाद यहां आने वाले बच्चों के साथ ही गर्भवती महिलाओं और आंगनवाड़ी की दीदीयों को गर्मी से राहत मिल सकेगी।

## साड़ी के झूले से बालिका को लगी फांसी : मौत

**छिंदवाड़ा.** देहात थाने क्षेत्र में एक बालिका की खेल-खेल में मौत हो गई। दरअसल बालिका घर पर ही साड़ी का झूला बनाकर झूल रही थी, जो अचानक ही फाँसी का फंदा बनकर बालिका के गले मे लिपट गया। जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार हिमांशी पिता अशोक मरकाम 14 वर्ष निवासी गांगीवाड़ा आज सुबह 11:30 बजे घर के अंदर साड़ी का झूला बनाकर झूल रही थी। जबकि बालिका के माता-पिता घर के कामों में व्यस्त थे। झूला झूलते हुए अचानक ही साड़ी हिमांशी के गले मे फंस गई। जिससे उसका दम घुटने लगा। जब वह बेहोश हो गई तो उसके पिता ने तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुँचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। 14 वर्षीय हिमांशी की मौत के बाद पूरे घर मे मातम पसर गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बैंक के सामने खड़ी बाइक की डिक्की से 80 हजार रुपए चोरी

### अमरवाड़ा क्षेत्र में स्थित जिला सहकारी बैंक के सामने का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,29 अप्रैल.** थाना अमरवाड़ा क्षेत्र में स्थित जिला सहकारी बैंक के सामने खड़ी बाइक की डिक्की से अज्ञात चोर ने 80 हजार रुपए की चोरी कर ली. उक्त बात की शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी निलेश साहू निवासी ग्राम बमोरी ने सोमवार करीबन 4:30 बजे अपनी बाइक क्रमांक एमपी 28 जेडपी 3575 को बैंक के सामने टीनसेड के नीचे खड़ा कर बैंक में प्रवेश कर 120000 रुपए के. सी .सी लोन खाते से निकलवा कर उसमें से 20 हजार रुपए लखन नामक व्यक्ति को देने के बाद 1 लाख रुपए बाइक की डिक्की में रख दिया और भाई का चेक लगाने के लिए बैंक के बाहर गेट के पास लाइन में खड़ा हो गया, निलेश ने 15 मिनट बाद देखा उसकी डिक्की खुली हुई थी बाइक के पास जाकर देखा डिक्की में मात्र 20 हजार थे यह से 80 हजार रुपए कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया, निलेश ने आस पास तलाश किया वहां उपस्थित लोगों से बताया तलाश करने पर 80 हजार रूपयो का पता नहीं चला, तब मंगलवार को अमरवाड़ा थाना पहुंचकर निलेश ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत की. पुलिस शिकायत के बाद मामले की जांच में जुट गई है.

## कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक नीट के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

### परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,29 अप्रैल.** कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नियुक्त किए गए सिटी कोऑर्डिनेटर हरि प्रसाद धारकर के साथ आगामी 3 मई 2026 को नगर में आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा के लिए बनाए गए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया । इस दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने सूक्ष्मता से जांच करते हुए विभिन्न केंद्रों पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए । साथ ही उन्होंने सभी केंद्र अधीक्षकों को सख्त रूप से निर्देशित किया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया



जाए । उन्होंने सभी संबंधित केंद्र अधीक्षकों एवं केंद्रों पर कार्य करने वाले शिक्षकों के लिए निर्देश दिए कि इस परीक्षा की तैयारी को अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए, परीक्षा को लेकर कामचलाऊ रवैया बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली के निर्देशानुसार नीट (यूजी) 2026 परीक्षा का आयोजन 03 मई 2026 रविवार को किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक छिंदवाड़ा जिले के मुख्यालय स्थित 8 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। इस परीक्षा में कुल 4143 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिये कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है।

### इन केंद्रों में होगी नीट (यूजी) की परीक्षा

नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के लिए छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें पीएमश्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल छिंदवाड़ा, शासकीय राजमाता सिंधिया स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा, पीएमश्री ऑटोनॉमस पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, शासकीय नवीन जवाहर बालक हायर सेकेंडरी विद्यालय छिंदवाड़ा, पीएम श्री शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कैलाश नगर , सांदीपनि विद्यालय सीएम राईज स्कूल गुरैया एवं 8 . शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा शामिल हैं।

### परीक्षा के दिन के लिए परीक्षार्थी के लिए उपयोगी चेकलिस्ट

परीक्षा लिए आवश्यक दस्तावेज जरूर ले जाए जिसमें प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) नेशनल टेस्ट एजेंसी की वेबसाइट से डाउनलोड की गई प्रिंटेड कॉपी, फोटोग्राफ प्रवेश पत्र पर निर्धारित प्रारूप में चिपकाई गई एक पोस्ट कार्ड साइज फोटो, प्रवेश पत्र पर चिपकाई गई एक पासपोर्ट साइज फोटो, एक अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटो (उपस्थिति पत्रक यानी अटेंडेंस शीट पर चिपकाने के लिए) , अधिकृत फोटो पहचान पत्र (आई डी प्ररूफ) यह मूल (ओरिजिनल), वैध और जिसकी समय सीमा समाप्त न हुई हो, ऐसा होना चाहिए। इनमें से कोई भी एक दस्तावेज- पैन कार्ड, पासपोर्ट, आधार कार्ड (प्रिंटेड कॉपी मान्य है), राशन कार्ड, छात्र आईडी (स्टूडेंट आई डी) कार्ड शामिल है .

## भाजपा की सरकार अब तक सोई थी, कमलनाथ ने न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की तो जाग गई : नकुलनाथ

### राज्य में भाजपा की सरकार को 21 वर्ष और केन्द्र में 11 हो चुके छिन्दवाड़ा में 32 विकास के कार्य नहीं बता पाएंगे

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा,29 अप्रैल. भाजपा की सरकार कोई काम करे या ना करे एक काम बड़ी ही सफाई से करती है और वह झूठ बोलने का..इस मामले में उनका कोई तोड़ नहीं है। केन्द्र में भाजपा की सरकार को 11 वर्ष और राज्य में 21 साल हो चुके।**

दोनों ही सरकार के कार्यकाल को जोड़ा जाए तो लगभग 32 वर्ष हो चुके हैं, इन वर्षों में भाजपा सरकार सोई हुई थी, जैसे ही मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने छिन्दवाड़ा विधानसभा के ग्राम चौसरा में अडानी न्यूक्लियर पावर प्लांट को लेकर अडानी ग्रुप के प्रमुख गौतम अडानी से चर्चा की तो भाजपा जाग गई साथ भाजपा के नेता भी जाग गए, इसके लिए पहले उन्हें कभी इस प्लांट की याद नहीं है। उक्त बयान जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी ने अपने आगमन पर मीडिया के द्वारा पूछे गए प्रश्नों के प्रत्युत्तर में दिए। नकुलनाथ ने मीडिया के प्रश्नों पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि विगत 32 वर्षों में भाजपा ने छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र में 32 विकास के कार्य नहीं किए, लेकिन श्रेय लेने और झूठ बोलने के मामले में यह आंकड़ा अनगिनत होगा। सही मायनों में छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र का विकास सिर्फ और सिर्फ पूर्व सीएम कमलनाथ एवं कांग्रेस ने किया है। चाहे बात माचागोरा जलाशय की हो, हिन्दुस्तान



यूनिलीवर की हो या फिर रेमंड, भंसाली या फिर स्किल सेन्टरों की। आज भी कमलनाथ , कांग्रेस पार्टी और मेरा एक ही प्रयास है कि छिन्दवाड़ा के विकास की गति किसी भी स्थित में नहीं थमनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से कहता हूं कि सरकार किसी भी राजनीतिक दल की हो कमलनाथ और मैं छिन्दवाड़ा संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। श्रेय लेने वाला हिस्सा पहले से ही भाजपा के लिए छोड़ रखा है।

### गेहूं खरीदी में सरकार अपने वचन पर कायम नही

गेहूं खरीदी केन्द्रों पर फैली अव्यवस्था को लेकर मीडिया के प्रश्नों पर पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कहा कि सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी के अपने वचन पर कायम नहीं है। मक्का उपज का समर्थन मूल्य किसान भाइयों को नहीं दिया, गेहूं की खरीदी में अनियमितता और अव्यवस्थाएं लगातार सामने आ रही है। किसान भाइयों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। कल खरीदी केन्द्रों पर पहुंचकर किसान भाइयों से चर्चा करुंगा। हम किसानों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं और आगे भी लड़ेंगे।



















स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित। संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589